R21/Matrix-M मलेरिया वैक्सीन

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

विश्व की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता (विश्व स्तर पर उत्पादित और विक्रय की गई डोज़ की संख्या के संदर्भ में) कंपनी**सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII)**, ने R21/Matrix-M मलेरिया वैक्सीन की पहली खेप अफ्रीकी देशों को भेज दी है।

- इस वैक्सीन को **यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड** और **सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा विकसित** किया गया है।
    - सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावशीलता संबंधी मानकों को पूरा करने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization-WHO) ने इसे उपयोग हेतु अनुशंसित किया है।
    - अक्तूबर 2021 में बच्चों में मलेरिया को रोकने हेतु WHO ने पहली मलेरिया वैक्सीन RTS,S/AS01 को अनुशंसित किया था।
- मलेरिया प्लाज़्मोडियम परजीवी (*plasmodium parasite*) के कारण होने वाली एक जानलेवा बीमारी है। यह बीमारी संक्रमित **मादा एनाफिलीज़ मच्छर** के काटने से मनुष्यों में संचरित होती है।
    - विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2023 के अनुसार, वर्ष 2022 में मलेरिया से संबंधित मामलों की संख्या 249 मिलियन दर्ज की गई जबकि वर्ष 2021 में यह संख्या 247 मिलियन थी।
    - वर्ष 2022 में, **विश्व स्तर पर** मलेरिया के **सर्वाधिक मामले (94%)** तथा इसके कारण होने वाली **मौतें (95%) अफ्रीकी क्षेत्रों** में दर्ज की गईं।
- **मलेरिया के कुल वैश्विक मामलों में भारत की हिस्सेदारी 1.4%** रही और वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2022 में मलेरिया के मामलों में 30% तथा इसके कारण होने वाली मौतों में 34% की गिरावट देखी गई।

और पढ़ें: R21/मैट्रिक्स-M मलेरिया वैक्सीन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/r21-matrix-m-malaria-vaccine-1